दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 220 मुरादाबाद 07 December 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## तिकुनिया हिंसा: आशीष मिश्रा समेत 13 आरोपियों पर आरोप तय, चलेगा किसानों की हत्या का केस



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों के प्रदर्शन के दौरान अक्टूबर, 2021 को हुई इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हुई थी। पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार, घटना में चार किसानों की एक एसयूवी से कुचल कर मौत हो गई थी, जिसमें आशीष मिश्रा बैठे हुए थे।लखीमपुर खीरी के तिकुनिया इलाके में हुई हिंसा के मामले में मुख्य आरोपी और केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' के बेटे आशीष मिश्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आशीष मिश्रा समेत 13 आरोपियों पर किसानों की हत्या का केस चलेगा। मामले में 16 दिसंबर से मामले का ट्रायल शुरू होगा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों के प्रदर्शन के दौरान अक्टूबर, 2021 को हुई इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हुई थी। पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार, घटना में चार किसानों की एक एसयूवी से कुचल कर मौत हो गई थी, जिसमें आशीष मिश्रा बैठे हुए थे। दुर्घटना के बाद गुस्से से भरे किसानों ने वाहन चालक और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों और विपक्षी दलों के प्रदर्शनों के बाद हुई हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हुई थी। हिंसा में मारे गए प्रदर्शनकारी केंद्र के उन तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, जिन्हें बाद में सरकार ने वापस ले लिया था। यूपी चुनाव के बाद आशीष मिश्रा जमानत पर बाहर आ गया था । जमानत पर आशीष मिश्रा की रिहाई का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत रद्द करते हुए ये केस इलाहाबाद हाईकोर्ट में नए सिरे से विचार के लिए भेज दिया था। इसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत याचिका रद्द कर दी थी।

## कांवड़ लेकर ईदगाह की तरफ जा रहे अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी को पुलिस ने पकड़ा



मथुरा में अखिल भारत हिंदू महासभा के एलान के बाद पुलिस सख्ती बरत रही है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस ने महासभा के एक पदाधिकारी को हिरासत में ले लिया। मथुरा में पुलिस ने मंगलवार की सुबह अखिल भारत हिंदू महासभा के एक पदाधिकारी को हिरासत में लिया है। वह कावड़ लेकर शाही ईदगाह मस्जिद की तरफ जलाभिषेक करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने भूतेश्वर तिराहे पर पदाधिकारी को पकड़ लिया और थाने ले आई। पुलिस पदाधिकारी से पूछताछ कर रही है। एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि अखिल भारत हिंदू महासभा के आगरा जिला प्रभारी सौरभ शर्मा को हिरासत में लिया गया है। छह दिसंबर को लेकर श्रीकृष्ण जन्मस्थान और ईदगाह की तरफ जाने वाले मार्ग पर चौकसी बरती जा रही है। शहर का शांत माहौल नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। जो भी माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा, उससे सख्ती से निपटा जाएगा। अखिल भारत हिंदू महासभा ने छह दिसंबर को शाही ईदगाह मस्जिद में हनुमान चालीसा और लड्डू गोपाल का जलाभिषेक करने का एलान किया। इसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान और ईदगाद क्षेत्र में कड़ी चौकसी है। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है। चेकिंग के बाद भी लोगों को जाने दिया जा रहा है। दो नेताओं को पुलिस ने उठाया, चार नजरबंद- पुलिस ने सोमवार को दो हिंदूवादी नेताओं का थाने में बैठा लिया। चार घरों में नजरबंद हैं। गोवर्धन के एसएचओ नितिन कसाना ने बताया कि महाकाल सेना के जिला उपाध्यक्ष डॉ. सीताराम को पुलिस ने उनके आन्यौर स्थित आवास से पकड़ा है। थाना हाईवे के प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि बजरंग सेना के पदाधिकारी नरेश सिंह को उनके आवास श्रीजी पुरम से लाया गया है। दोनों थाना प्रभारियों को आगे की कार्रवाई के लिए अफसरों के आदेश का इंतजार है। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश प्रवक्ता संजय हरियाणा रविवार रात से और तीन अन्य घरों में नजरबंद हैं। इधर, श्रीकृष्ण जन्मस्थान और ईदगाह की तरफ वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है। मंगलवार सुबह से ही पुलिस चेकिंग कर रही है।

## महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद को लेकर प्रदर्शन उग्र, बस पर बरसाए पत्थर; हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारी






बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी। महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद बढ़ता ही जा रहा है। कर्नाटक रक्षण वैदिक संगठन ने बेलगावी में महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल भी किया। कर्नाटक रक्षण वैदिक संगठन ने बेलगावी में महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल भी किया।महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद को लेकर विरोध-प्रदर्शन उग्र- समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार, कर्नाटक रक्षण वैदिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने बेलगावी के बेगेवाड़ी में महाराष्ट्र के ट्रकों पर पथराव किया। इस दौरान कर्नाटक रक्षण वैदिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर नारेबाजी भी की। हालांकि, मौके पर मौजूद कर्नाटक पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।कर्नाटक के सीएम ने की देवेंद्र फडणवीस से बात- वहीं, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री से बात की और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद फडणवीस ने बेलगावी के निकट बेगेवाड़ी में हुई घटनाओं पर कड़ी नाराजगी जताई है। सीएम बोम्मई ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फडणवीस को आश्वासन दिया है कि महाराष्ट्र से आने वाले वाहनों की सुरक्षा की जाएगी।महाराष्ट्र सरकार के मंत्रियों ने स्थगित की यात्रा- हालांकि, सीमा विवाद के बीच महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई ने मंगलवार को महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रान को स्थगित किया है, इसे रद्द नहीं किया गया है। मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा आज हमें बेलगावी में सीमा क्षेत्र का दौरा करना था, इस बारे में हमने कर्नाटक सरकार को सूचित किया था। लोगों के साथ सीमा मुद्दे पर चर्चा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। ताकि इस मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सके।सीएम बसवराज ने जताया था ऐतराज- बता दें कि महाराष्ट्र के मंत्रियों के बेलगावी दौरे पर जाने की बात सामने आने को लेकर मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने ऐतराज जताया था। उन्होंने कहा था कि सीमा पर दोनों राज्यों के बीच मौजूदा स्थिति के मद्देनजर बेलगावी का दौरा नहीं करना चाहिए, इससे स्थिति बिगड़ सकती है।क्या है विवाद- जानकारी के अनुसार, बेलगाम या बेलगावी वर्तमान में कर्नाटक का हिस्सा है, लेकिन महाराष्ट्र राज्य बेलगावी को लेकर अपना दावा करता रहा है। कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद बढ़ने के बाद भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# राष्ट्रीय इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस व स्कूल प्रबंधन ने छात्र छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- अकराबाद - कस्बा स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह व कालेज प्रधानाचार्य डा. नरेंद्र पाल सिंह ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए सुरक्षा के नियमों की विस्तार से जानकारी दी। कोतवाल एमपी सिंह ने कहा की वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। दो पहिया वाहन बिना हेलमेट के न चलायं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलाएं, कार चलाते समय सीट बेल्ट का अबश्य प्रयोग करें। सभी छात्र छात्राएं अपने-अपने घर जाकर परिजनों को भी इसकी जानकारी दें। वहीं उन्होंने साइबर अपराध के प्रति भी सचेत किया और कहा किसी को भी अपना आधार कार्ड नंबर व ओटीपी शेयर न करें। प्रधानाचार्य डा. नरेंद्र पाल सिंह ने भी बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति आगाह करते हुए बताया, अगर रास्ते में कहीं कोई हादसे में घायल व्यक्ति सड़क पर पड़ा है तो वह बेहिचक उसकी मदद करें और उसे किसी प्रकार अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करें।

कालेज प्रवक्ता डा. अरविंद कुमार ने जीवन की कीमत बताते हुये कहा कोई हादसा होता है तो सबसे अधिक परेशानी परिजनों को होती है। मनुष्य का जीवन अनमोल है इसके प्रति लापरवाही न दिखायें इस दौरान प्रबंधक गोपाल कृष्ण उपाध्याय, डा. बिबेक उपाध्याय, अरविन्द कुमार, गोपाल रंजन, सुनील कुमार, सुदेश कुमार, चुन्नी लाल , सुमित कुमार, सुशील चौधरी, दुर्वेश उपाध्याय,आर एस यादव, अशोक शर्मा, सुशील कुमार, अरुण कुमार, संदीप कुमार, दिनेश कुमार, ज्ञानदेव गुप्ता, संदीप गुप्ता, हरेंद्र पाल, पूजा भारद्वाज, मोनिका रानी, सुबोध कुमार,डैनी पाठक के साथ साथ पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# डॉ0 अम्बेडकर से जुड़े पांच प्रमुख स्थानों को पंचतीर्थ घोषित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी सच्ची श्रद्धांजलि- संजू तिवारी



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि दी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भिनगा पर जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान निर्माता, देश के प्रथम कानून मंत्री डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ0 साहब के विचारों का अनुसरण करते हुए समाज के शोषित, वंचित और समाज की पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य किया और डॉ अम्बेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थानों को पंचतीर्थ घोषित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी है। जिला मंत्री अरुण पाण्डेय ने कहाकि हिंसामुक्त समानता पर आधारित समाज के पैरोकार रहे बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की सामाजिक और राजनीतिक सुधारक के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा। कार्यक्रम में वीरेश मिश्रा, अभिषेक पाण्डेय, चंदन मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे।

# जिलाधिकारी ने केन्द्रीय प्राथमिक विद्यालय इकौना का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकासखण्ड इकौना के अन्तर्गत केन्द्रीय प्राथमिक विद्यालय इकौना का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच कर प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी जांच किया। उन्होने बच्चों से उनके विषय से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे, जिस पर सही जवाब दिये जाने पर उनकी पीठ भी थप-थपायी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में किचन, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बच्चों के अभिभावक की भूमिका निभा कर उन्हे निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क जूता-मोजा, स्कूल बैग एवं मध्यान्ह भोजन मुहैया करा रही है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के उजियारे से वंचित न रहने पावे।

इसलिये गुरूजनों का भी दायित्व बनता है कि वे अपने दायित्वों को बाखूबी निभावें और नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिक्षित कर उनके भाग्य हो संवारे और अभिभावकों के विश्वास पर खरे उतरें। साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपील किया है कि अपने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजे, ताकि उनका भविष्य उज्वल बन सके। जिलाधिकारी ने बी0एस0ए0 से लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों तक नियमित विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि समय-समय पर विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा, यदि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कोई कमी मिली तो सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों पर भी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना रोहित सहित विद्यालय के अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ज्ञात वाहन ने स्कूटी में मारी टक्कर, बीमा कंपनी कर्मचारी की मौत

मुरादाबाद- सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में जिला नेत्र चिकित्सालय के पास रविवार रात अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार बीमा कंपनी कर्मचारी पवन कुमार वर्मा की मौत हो गई। मझोला के लाइन पार रामनगर कॉलोनी निवासी पवन कुमार वर्मा ( 33 ) बीमा कंपनी में कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी आरती वर्मा और तीन बेटियां हैं। भाई अनिल वर्मा ने बताया कि रविवार रात पवन कुमार मंडी चौक से स्कूटी से घर लौट रहे थे। जिला नेत्र चिकित्सालय के सामने किसी वाहन ने पवन की स्कूटी में टक्कर मार दी थी। इस हादसे में पवन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भिजवा दिया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मल्हीपुर का किया गया औचक निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना मल्हीपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, परिसर, बैरक, मेस के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए। थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक किया गया तथा उनके रख रखाव एवं उनमें पायी गई कमियों की सुधार व



थाने पर चल रहे निर्माणाधीन कार्यों के संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# डीएम एवं जिला पंचायत अध्यक्षा द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राईसाईकिलें एवं कृत्रिम अंग वितरण



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मौ0 मुश्ताक अहमद ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत जनपद मुरादाबाद में कुल 146 दिव्यांगजनो (विकास खण्डवार ठाकुरद्वारा-23, कुन्दरकी-11, मुरादाबाद-17, मूण्ढापाण्डे-4, बिलारी-41, डिलारी-30, भगतपुर टांडा-10, छजलैट-10) को आज निःशुल्क ट्राईसाईकिल डा0 शैफाली सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त ऐसे दिव्यांगजनो को सूचित किया है कि जिन दिव्यांगजनो ने कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विगत 03 वर्षो में उपकरणो का लाभ प्राप्त नही किया है ऐसे दिव्यांगजन उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अविलम्ब अपना आवेदन पत्र आवश्यक अभिलेख-आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं फोटो आदि को संलग्न कर कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, मुरादाबाद, विकास भवन, कक्ष संख्या-जी-13 में अविलम्ब प्राप्त करा दें। वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, श्री सतीश प्रसाद मिश्र परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, श्री जी0बी0 पाठक जिला विकास अधिकारी, श्रीमति अनुपमा शांडिल्य जिला कार्यक्रम अधिकारी, मौ0 मुश्ताक अहमद जिला समाज कल्याण अधिकारी/प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यालय के पटल सहायक श्री बीनू सिंह यादव, श्री शिवओम चैहान विभाग द्वारा संचालित संस्थाओ के समस्त कार्मिको का विशेष योगदान रहा।

# युवती की हत्या कर शव बोरे में बांधकर फेंका, हाथ पैर रस्सी से बांधे, गला घोंटकर हत्या की आशंका




युवती का शव ठाकुरद्वारा रतूपुरा मार्ग से दारापुर मदारपुर जाने वाली सड़क के किनारे फेंका गया है। आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कहीं दूसरी जगह की गई है। इसके बाद शव को यहां लाकर फेंका गया है। घटनास्थल के आस- पास किसी वाहन के टायरों के निशान हैं। मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थानाक्षेत्र में एक युवती की हत्या कर शव को बोरे में बांधकर फेंक दिया। हत्यारों ने युवती के हाथ पैर रस्सी से बांधे हुए थे। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। युवती के गले पर भी रस्सी के कसने के निशान हैं। जिससे आशंका जताई जा रही है रस्सी से ही युवती का गला घोंटा गया है। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई। ठाकुरद्वारा के रतुपुरा में नागनाथ मंदिर रोड पर सड़क किनारे बोरा पड़ा था। ग्रामीणों ने मौके पर जाकर देखा तो बोरे में एक युवती की लाश थी। ग्रामीणों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर एसपी देहात संदीप कुमार मीना मौके पर पहुंच गए और फोरेंसिक टीम बुला ली। इसके बाद बोरे से शव को बाहर निकाला गया। युवती के गले पर रस्सी कसने के निशान थे। इसके बाद पुलिस ने आस पड़ोस के जनपदों में भी युवती के शव मिलने की सूचना पहुंचाई। हालांकि देर रात तक युवती की पहचान नहीं हो पाई थी। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि मृतका की उम्र लगभग 24 - 25 वर्ष होगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

## कहीं दूसरी जगह हत्या किए जाने की आशंका

युवती का शव ठाकुरद्वारा रतूपुरा मार्ग से दारापुर मदारपुर जाने वाली सड़क के किनारे फेंका गया है। आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कहीं दूसरी जगह की गई है। इसके बाद शव को यहां लाकर फेंका गया है। घटनास्थल के आस- पास किसी वाहन के टायरों के निशान हैं।

# मेयर सीट पर 22 साल में दूसरी बार होगी महिला की ताजपोशी, सियासी हलचल तेज

मुरादाबाद -नगर निकाय चुनाव के लिए आरक्षण सूची जारी होने के साथ ही सियासी हलचल तेज हो गई है। कई पुरुष दावेदारों के चुनाव लड़ने के मंसूबे पर पानी फिर गया है, क्योंकि मुरादाबाद की मेयर सीट को महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया है। मेयर पद के आरक्षण के लिए चल रही चर्चाओं में सोमवार को विराम लग गया। नगर निकाय चुनाव के लिए मुरादाबाद के मेयर का आरक्षण घोषित कर दिया गया। 22 साल बाद दूसरी बार मेयर पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। इससे पहले वर्ष 2000 में मेयर सीट महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया था। नगर निकाय चुनाव के अंतर्गत नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत की आरक्षण सूची जारी होने के साथ ही सियासी हलचल तेज हो गई है। पुरूष दावेदारों के चुनाव लड़ने के मंसूबे पर पानी फिर गया है, मुरादाबाद की मेयर सीट को महिला के लिए आरक्षित किया गया है। मुरादाबाद में अब तक सपा से हुमायूं कदीर, डॉ एसटी हसन, विनोद अग्रवाल मेयर बने, वहीं महिला में केवल बीना अग्रवाल मेयर रहीं।

## वर्ष 2000 में मिली थी मुरादाबाद को पहली महिला मेयर

वर्ष 1995 में मुरादाबाद नगर निगम का गठन किया गया था। इससे पहले मुरादाबाद को नगर पालिका का दर्जा था। अभी तक मेयर पद के लिए हुए पांच चुनावों में तीन बार भाजपा और दो बार सपा ने जीत दर्ज की है, जबकि एक बार हुए उपचुनाव में भी भाजपा को विजय मिली थी। इन पांच चुनावों में मेयर सीट सामान्य श्रेणी में ही रही। वर्ष 2000 में सामान्य महिला के लिए आरक्षित रही, तब भाजपा की बीना अग्रवाल मेयर बनीं।

### एक नजर मेयर सीट के आरक्षण पर

| वर्ष | मेयर सीट | चुने गए मेयर |
|---|---|---|
| 1995 | सामान्य | हुमायूं कदीर (सपा) |
| 2000 | सामान्य महिला | बीना अग्रवाल (भाजपा) |
| 2006 | सामान्य | डॉ. एसटी हसन (सपा) |
| 2012 | सामान्य | बीना अग्रवाल (भाजपा) |
| 2017 | सामान्य | विनोद अग्रवाल (भाजपा) |

## 22 साल बाद दूसरी बार मिलेगी महिला मेयर

राजनीतिक दलों को उम्मीद थी कि इस बार मेयर सीट पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बार सीट महिलाओं के आरक्षित कर दिया गया है। मुरादाबाद नगर निगम के पहले मेयर बनने का खिताब हुमायूं कदीर को मिला था, जबकि पहली मेयर बनने का गौरव बीना अग्रवाल को हासिल हुआ था। बीना अग्रवाल 2000 और 2012 में दो बार मेयर बनीं थी। वर्ष 2016 में बीना अग्रवाल के निधन पर उपचुनाव हुआ था, तब विनोद अग्रवाल मेयर बने थे।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991

# इस सप्ताह शुरू होगी कपूर कंपनी पुल की मरम्मत

मुरादाबाद। आईआईटी बनारस के विशेषज्ञों द्वारा की गई कपूर कंपनी पुल की जांच की रिपोर्ट अगले सप्ताह आएगी। इसके बाद रेलवे पुल की मरम्मत का काम शुरू करेगा। फिलहाल पैदल यात्रियों को ही पुल से गुजरने की अनुमति है। मरम्मत के दौरान पैदल यात्री भी नहीं गुजर सकेंगे। ज्ञात हो कि महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में रेलवे पुल गिरने के बाद महकमा अलर्ट है। देशभर में रेलवे की टीम पुलों की जांच कर रही है। इसी क्रम में रविवार को कपूर कंपनी पुल की जांच रेलवे और आईआईटी बनारस के विशेषज्ञों ने की। जांच में लाइनपार की ओर वाला ढलान कमजोर पाया गया। टीम ने पाया कि दो पहिया वाहन गुजरने से लोगों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसके बाद रेल प्रशासन ने पुल को दुपहिया वाहनों के लिए बंद कर दिया। डीआरएम अजय नंदन ने बताया कि अगले सप्ताह तक पुल की जांच रिपोर्ट आने की उम्मीद है। इसके बाद मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाएगा। तब तक लाइन पार से ताड़ीखाना, बुध बाजार की ओर जाने वाले लोग केजीके कॉलेज की ओर बने रेलवे के पैदल पुल का उपयोग कर सकते हैं। जबकि वाहन चालकों के लिए लोकोशेड पुल ही विकल्प है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

### Humans and wildlife become a threat to each other

Human-wildlife conflict is becoming a serious problem in the Himalayan state of Uttarakhand. The heavy machinery of the State Forest Department seems helpless in front of this very serious problem. Due to the danger of human life from wildlife, the migration from the mountains is also increasing and the villages are continuously becoming empty. Wild animals like Guldar, bear, monkey and pig have put life in the villages where few people are living. Answering a question in the Uttarakhand Assembly on November 29, the Forest Minister said that 161 people were killed by wild animals in the last three years. Most of these human deaths were reported from Guldar attacks. Obviously, the biggest threat to human life from wildlife is in the mountains only, because generally big animals like elephants and tigers do not climb in the mountains. However, now elephants and tigers have also started climbing mountains, because due to migration, villages are becoming new habitats for wildlife. According to a report, from 2000 to 2015, 166 leopards and 16 tigers were declared man-eaters in Uttarakhand and orders were issued to kill them. Entire wildlife world is not safe – Uttarakhand is famous for its unique bio-diversity. Due to geographical and climatic diversity in different regions of the state, different types of forests are found from the Himalayas to the Terai plains. Due to the biodiversity present in the state, 12 percent of the total geographical area is protected area which includes 6 national parks, 7 wildlife sanctuaries, 4 conservancies and 1 biosphere reserve. Uttarakhand is home to rare species of plants and animals, many of which are protected by sanctuaries and reserves. According to studies, 102 species of mammals, 600 birds, 19 amphibians, 70 reptiles and 124 fish species are found in the state. Among these above mentioned species there are globally endangered species, including tiger (Panthera tigress), Asian elephant (Elephas maximus), hyena (Panthera pardus), musk deer (Moscus chrysogaster), snow leopard (Panthera unicial), monal (Lophophorus impeneus) included) etc.Hotspots of human-wildlife conflict – In Uttarakhand, incidents of cattle raising inside or near settlements and leopard attacks on humans increase annually. The Devprayag-Kirtinagar range in Tehri district and the Pauri range in Pauri district are considered most vulnerable to cattle raising and human mortality in Uttarakhand. According to the research paper of Manoj Aggarwal, etc. scientists of Wildlife Institute of India, the area of height between 900 meters to 1500 meters above sea level in Pauri district is most sensitive to human-guldar conflict. In the district, the threat is very minor from 400 to 800 m and 1600 to 2300 m, while no human-mongoose conflict has been found above 2300 m and below 400 m. According to the research paper, the Narendra Nagar Forest Division is an important reservoir of biodiversity in the Garhwal Himalayas. Due to the plant diversity in the forest here, large groups of wild animals get favorable conditions. The 3 ranges of this forest division Maniknath, Shivpuri and Saklana as well as the recently created Narendranagar and Kirtinagar ranges are known to have populations of elephants, tigers, leopards, wild boars, monkeys, deer etc. The proximity of these wildlife increases the conflict between the surrounding population and wildlife.

## Mahima Chowdhary's daughter Aryana preparing to step into films? Said this big thing on career

Mahima is best known for the film 'Pardes'. Shah Rukh Khan was seen in the lead role in this film directed by Subhash Ghai. She has recently won the battle with breast cancer. Many star kids in Bollywood are showing their acting prowess these days. At the same time, Shah Rukh Khan's daughter Suhana and Boney Kapoor's daughter Khushi are also going to step into the film industry soon. Meanwhile, the daughter of another famous actress has expressed her desire to work in films. We are talking about Mahima Chaudhary's daughter Aryana. Mahima has appeared in many superhit films in the 90s. Her daughter also wants to enter the world of acting like her mother. Recently, the mother-daughter duo appeared at an event, where Aryana's cuteness won everyone's heart. During an event, when Aryana was talked about films, she said that yes she also wants to work in films. In this conversation, he also praised his mother fiercely. However, Aryana's mother Mahima wants her daughter to concentrate completely on her studies for the time being. Regarding this, Mahima said that she is still very young and she needs to concentrate on studies. Please tell that Mahima is known for the film 'Pardes'. Shah Rukh Khan was seen in the lead role in this film directed by Subhash Ghai. Mahima has recently won the battle with breast cancer. After defeating this dreaded disease, the actress is soon going to make a comeback on the big screen. Mahima will soon be seen in an important role in Kangana Ranaut's directorial 'Emergency'. This film will be released in the next year i.e. 2023.



## 'Srivalli' became number one music video of the year, these two Bhojpuri songs also in top 10

The year 2022 has taught Hindi cinema a big lesson and that is that the fleet of Hindi cinema is not going to cross without making original songs. YouTube India has also put its stamp on this lesson. Not a single song is from Hindi films in the music videos category of the top YouTube videos of the year 2022 released on Monday. Four of the top 10 songs are from the film 'Pushpa The Rise'. Two songs of Bhojpuri star Khesari Lal Yadav are also included in these top 10 songs. Not a single song from Hindi films is in the top 10. YouTube India on Monday released the list of most popular creators, artists and videos of the year 2022. This list includes the list of Top Trending Videos, Top Music Videos, Top Shorts, Top 20 Breakout Creators, Top 20 Breakout Women Creators. Those who are fond of cinema are always interested in this list to know about those songs which are being made in the top 10 by the end of every year. In the list of the year 2022, not a single song from Hindi cinema could make it to the top 10 list of YouTube India.DSP's four songs in top 10-Four songs composed by Chennai-based music composer Devi Sriprasad aka DSP are included in the top 10 list of the year 2022. His song 'Srivalli', composed for the Hindi version of the film 'Pushpa The Rise', is at number one in this list. Sung by Javed Ali for Rakib Alam, this song is picturized on Allu Arjun and Rashmika Mandanna. The song 'Sami Sami' from the film is at number three on the list while the Hindi version of the film's most peppy song 'O Antava Mawa' picturized on Samantha has got number six on the list. There is also the original Telugu version of the same song at number seven.



# मार्गशीर्ष त्रयोदशी पर नागा साधुओं ने किया शाही स्नान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-सोरों - मार्गशीर्ष माह की त्रयोदशी के दिन हरिपदी गंगा में नागा अखाड़ों के साधुओं ने शाही स्नान किया। हरिपदी में शाही स्नान के बाद नागा अखाड़ों के साधुओं ने शाही सवारी निकाली। नगर के लोगों ने शाही सवारी का जगह-जगह स्वागत किया। सोमवार की सुबह पंचदशनाम आह्वान अखाड़ा, पंचायती बड़ा अखाड़ा उदासीन के नागा साधु शाही स्नान के लिए भक्तों के साथ हरिपदी गंगा पर पहुंचे। हरिपदी गंगा में नागा साधुओं ने स्नान करने के बाद शाही सवारी का शुभारंभ हरिपदी गंगा के किनारे से शुरू हुआ।

इस शोभायात्रा में अन्य अखाड़ों के साधु व संत भी शामिल थे। शाही सवारी की शोभायात्रा मोहल्ला चक्रतीर्थ, बारू बाजार, चौदहपौर तिराहा, बड़ा बाजार होती हुई लहरा रोड पहुंची। उसके बाद शोभायात्रा मोहल्ला रामसिंहपुरा, कटरा बाजार चौराहा, अनाज मंडी चौराहा, चंदन चौक बस स्टैंड, सोमेश्वर घाट बदरिया होते हुए हरिपदी गंगा के किनारे पहुंचकर समाप्त हुई। शाही स्नान में यह नागा साधु रहे मौजूद शाही स्नान कार्यक्रम में पंच दशनाम आह्वान अखाड़ा के महंत बृजेश गिरि, महंत दयाल गिरि, महंत रवि गिरि, महंत किशन गिरि, महंत सतीश गिरि, महंत पर्वत गिरि, महंत पूरण गिरि, महंत मनीष गिरि, महंत अशोक गिरि, महंत शांति गिरि, व्यवस्थापक सीताराम दुबे, नीरू चरोरे, पवन दुबे आदि उपस्थित रहे। श्री पंचायती बड़ा अखाड़ा उदासीन के महंत बलराम दास, महंत सोमवार मुनि, महेंद्र गंगा दास, महंत स्वतंत्र मुनि, महंत किशन मुनि, बलवंत दास, महाराज जयपुर, पवन कुमार, अमित प्रताप, संजीव मास्टर, अभिषेक यादव, चिंटू शर्मा, लालू, कमल सिंह, सत्यपाल सिंह, अमित कुमार, सुनील कुमार, अभय सिंह सहित आदि उपस्थित रहे

# फुटपाथ पर ही वाहन मिस्त्रित्त्यों ने बना दिए गैराज, लोग परेशान




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जीटी रोड,आगरा और निधौली कलां मार्ग के फुटपाथ पर ठीक हो रहे वाहन, पटरियों पर अतिक्रमण करने से से राहगीरों को आवागमन में हो रही दिक्कत शहर में फुटपाथों पर गैराज बनाकर कब्जे कर लिए हैं। इस कारण मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जबकि नगर पालिका ने मिस्त्रित्यों के लिए ट्रांसपोर्टनगर बसाया है। बार-बार कहने के बाद भी मिस्त्त्री वहां जाने को तैयार नहीं। शहर में जीटी रोड पर गौशाला, तहसील सदर, एटा क्लब के सामने, रेलवे पुल के दूसरी तरफ, निधौली रोड, आगरा रोड, कचहरी रोड, ठंडी सड़क पर वाहन मिस्त्रित्त्यो को सड़क किनारे फुटपाथ पर वाहन खड़े करके मरम्मत करते हैं।

मोटर मिस्त्रत्ती की दुकान, खोखा शहर के मुख्य मार्गों पर होने के कारण इनके आसपास वाहनों की लाइन लगी रहती है, जिससे फुटपाथ से होकर गुजरने वाले राहगीर खासे परेशान रहते हैं।,फुटपाथ पर चल रहे गैराज की वजह से लोगों को पैदल चलने की जगह नहीं मिलती। ऐसे में वाहन और फुटपाथ के बीच से होकर गुजरने पर आये दिन राहगीर सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। ट्रांसपोर्टनगर बसने के बाद भी शहर में ठीक हो रहे वाहन मोटर मिस्त्रित्त्यों के लिए नगर पालिका परिषद ने जीटी रोड पर स्टेडियम के निकट ट्रांसपोर्टनगर बसाया है। उसके बाद भी मिस्त्त्री वहां जाने के बजाय शहर में ही काम कर रहे हैं, जिससे शहर के फुटपाथ राहगीरों के लिए खाली नहीं रह पा रहे है। इन मिस्त्रित्त्यों के लिए ट्रांसपोर्टनगर में प्लाट आवंटित कर गैराज, वाहन ठीक करने को दुकान आवंटित की गई है। शहर में राहगीरों को गुजरने के लिए फुटपाथ खाली नहीं रहता है, जिसकी वजह से वह जान-जोखिम में डालकर वाहनों के बीच से होकर गुजरने को मजबूर हैं, जिससे लोग आये दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। रामसिंह, दूल्हापुर, एटा शहर में फुटपाथ पर कब्जा होने के बाद भी खाली कराने को नगर पालिका परिषद से कोई कार्रवाई नहीं होती है, जिसकी वजह से फुटपाथ पर काबित व्यापारी, हथठेला, मोटर मैकेनिक के हौसले बुलंद है।

# वाणिज्यकर टीमों ने पांच फर्मों पर की छापामार कार्रवाई, हड़कंप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-वाणिज्यकर विभाग की टैक्स चोरी करने वालों पर पैनी नजर बनी हुई है। इसके चलते सोमवार को मुख्यालय सहित मारहरा में कुल पांच व्यवसायिक फर्मों पर जीएसटी चोरी के मामले में विभागीय अधिकारियों ने छापमार कार्रवाई की। कारोबारियों में हड़कंप मच गया। अधिकांश व्यापारी कार्रवाई होने के डर से दुकानें बंद कर भाग खड़े हुए। सोमवार को वाणिज्यकर विभाग के सहायक आयुक्त रवेंद्र पाल सिंह कौन्तेय के निर्देशन पर वाणिज्यकर अधिकारियों ने शहर के होली मोहल्ला स्थित शाह इलेक्ट्रॉनिक एवं नगला पोता स्थित लोहा कारोबारी राजू की फर्म पर जीएसटी चोरी के मामले में छापामार कार्रवाई की। मारहरा स्थित कबाड़ा कारोबारी चांद मियां, जमाल गारमेंट्स एवं मुमताज फुटवियर सहित कुल तीन करोबारियों के गोदामों पर जीएसटी चोरी की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। जिले के पांचों कारोबारियों की गोदाम में रखे माल की खरीद एवं बिक्री संबंधी दस्तावेजों से गहनता के साथ मिलान एवं जांच की गई। पांचों फर्मो पर काफी देर तक मय पुलिस बल के वाणिज्यकर अधिकारी कागजी कार्रवाई करते रहे। जांच का सिलसिला सुबह नौ बजे से शाम तक चलता रहा। जीएसटी विभाग की कार्रवाई देख अधिकांश व्यापारी दुकानों को बंद कर भाग खड़े हुए। जिसे देख वाणिज्य कर अधिकारियों ने उनकी दुकानों के फोटो एवं वीडियो ग्राफी भी कराई। कार्रवाई के डर से मिरचही में दुकानें बंद कर भागे-मिरहची। सोमवार को तीन बजे तक कस्बा का बाजार रोज की भांति खुल रहा। इसी बीच मारहरा में वाणिज्यकर विभाग की कार्रवाई की बात कस्बा के लोगो को मालूम पड़ी। थोड़े ही देर में कस्बा के व्यापारी दुकानों को बंद कर जाने लगे। जिसने भी सुना या जिसने भी अपने पड़ोसी को दुकान बंद करते हुए देखा तो वह भी अपनी दुकान को बंद करते हुए निकल लिया। देर शाम तक व्यापारी मारहरा में सेल टैक्स की कार्रवाई की जानकारी लेते रहे। शासनादेश के अनुसार जीएसटी चोरी को रोकने के लिए जनपद की पांच फर्मों पर छापामार कार्रवाई की गई है। सभी फर्मों से माल खरीद एवं बिक्री संबंधी दस्तावेज जुटा लिए गए है। जांच के बाद परिणाम सामाने आएगे। उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।-पीयूष गौतम -असिस्टेंट कमिश्नर, जीएसटी एटा

# मायावती ने भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि, कहा-बेहतरीन संविधान देकर देश-दुनिया में भारत का नाम किया रौशन

भीमराव अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर मायावती ने ट्वीट करते हुए लिखा कि देश को पूर्ण जनहितैषी, कल्याणकारी व समतामूलक संविधान देकर धन्य करने वाले परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत्-शत् नमन। उन्होंने हर मामले में बेहतरीन संविधान देकर भारत का नाम देश-दुनिया में जो रौशन किया है वह अनमोल।पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने लखनऊ में आज भीमराव अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने पार्टी के संस्थापक कांशीराम को भी श्रद्धांजलि दी। मंगलवार की सुबह मायावती ने ट्वीट करते हुए लिखा कि देश को पूर्ण जनहितैषी, कल्याणकारी व समतामूलक संविधान देकर धन्य करने वाले परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत्-शत् नमन। उन्होंने हर मामले में बेहतरीन संविधान देकर भारत का नाम देश-दुनिया में जो रौशन किया है वह अनमोल। देश उनका सदा आभारी उन्होंने लिखा कि देश की सरकारें काश उस संविधान के पवित्र उसूलों के तहत कार्य करती तो यहां करोड़ों गरीब और मेहनतकशों को काफी मुसीबतों से कुछ मुक्ति मिल गई होती। संविधान के आदर्श को ज़मीनी हकीकत में बदलकर लोगों के अच्छे दिन लाने की जम्मिेदारी में विमुखता व विफलता दुखद, चिन्तनीय। मायावती ने लिखा कि बाबा साहेब डा. अम्बेडकर का नाम आते ही संवैधानिक हक के तहत लोगों के हित, कल्याण, उनके जान-माल-मज़हब की सुरक्षा तथा आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के साथ जीने की गारंटी की याद आती है। अत: रोज़ी-रोटी, न्याय, सुख-शान्ति व समृद्धि से वंचित लोगों की सही चिन्ता ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि।

# भूपेश बघेल की सरकार धान खरीदी के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर रही और किसानों को सीधे लाभ पहुँचाने का कार्य कर रही


ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



छत्तीस/गढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के नेतृत्व में लगातार 4 वर्ष धान खरीदी हो रही कि ,और सीधे किसानो के खातों में पैसा जा रहा ,अपने वादे के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार समर्थन मूल्य में धान खरीदी रही है और राजीव गांधी न्याय योजना से पुरा पैसा किसानो के दे रही मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर अब समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को धान विक्रय के लिए घर बैठे ऑनलाइन टोकन प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पंजीकृत किसान को धान विक्रय हेतु टोकन जारी करने की प्रक्रिया के सरलीकरण एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन के उद्देश्य से एन.आई.सी.द्वारा एन्ड्रॉयड एप ''टोकन तुंहर हाथ'' विकसित किया गया है। कांग्रेस भूपेश सरकार की नीतियों का ही असर है कि गांव से शहरों और दूसरे राज्यों में होने वाला पलायन रुका है पढ़े-लिखे युवा भी अब गांव और खेती किसानी की ओर लौट रहे हैं यही वजह है कि धान का केवल रकबा ही नहीं बल्कि खेती करने वाले किसानों की संख्या भी बढ़ी है साथ ही राज्य में दूसरी फसलों का रकबा भी बढ़ रहा है छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार किसानों का एक एक धान का दाना खरीदने के लिये प्रतिबद्ध है इस वर्ष आने वाले समय के धान खरीदे के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करेगी और किसानों को सीधे लाभ पहुँचाने का कार्य भुपेश बघेल की सरकार करेगी ! समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। किसान आत्म निर्भर होकर स्वाबलंबी बन रहे और आज छत्तीसगढ़ के किसान मजबूत हो रहे है ,खुशहाली के साथ जीवन यापन कर रहे है ,इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार की बेहतर नीति और योजना है ,जिससे किसानों को सीधे लाभ मिल रहा कि पूरे भारत देश में छत्तीसगढ़ ही एकमात्र राज्य है जहाँ किसानों के बेहतर लाभ दिलाने के लिए योजना बनी है ,

# भू-अर्जन, मुआवजा वितरण, भवन नियमितीकरण, आजीविका गतिविधि, पर्यटन विकास, पैरादान सहित विभिन्न कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच







गौरेला पेंड्रा मरवाही- जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर समुचित रूप से हो क्रियान्वयन,कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में आज जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और पीएमओ पोटर्ल, मुख्यमंत्री जन चौपाल एवं कलेक्टर जनशिकायत में प्राप्त प्रकरणों के निराकारण की विभागवार समीक्षा की। उन्होने जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर समुचित रूप से क्रियान्वयन तथा सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी व्यवस्था के लिए नियुक्त सभी जिला नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से धान उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण करने, जिले के छह गौठानों में निर्माण हो रहे रीपा की प्रगति का जायजा लेने के साथ ही जनशिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित रूप से निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री सत्यदेव शर्मा, अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, संयुक्त कलेक्टर श्री विरेन्द्र सिंह, एसडीएम श्री पुष्पेंद्र शर्मा एवं देवसिंह उईके सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# योगी ने प्रबुद्धजनों को किया संबोधित, बोले- अब लखनऊ बदल रहा है, स्वच्छता रैंकिंग में मिली जगह



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में प्रबुद्धजनों के सम्मेलन को संबोधित किया और लखनऊ को स्वच्छता रैंकिंग में जगह बनाने के लिए जनता को बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अब लखनऊ बदल रहा है। स्थानीय सरकारों की उपेक्षा के कारण पहले लखनऊ की तस्वीर अच्छी नहीं थी। यहां का नाम आने पर गंदगी, अव्यवस्था और अराजकता का दृश्य दिमाग में आ जाता था। शुरुआत में स्वच्छता की रैंकिंग में लखनऊ ही नहीं कई शहरों का स्थान पिछड़ा हुआ था। गोंडा गंदे शहर के रूप में सामने आया था लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। स्वच्छता रैंकिंग में प्रदेश के शहर आगे निकल गए हैं। लखनऊ को भी स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा स्थान मिला है इसके लिए लखनऊ वासियों और नगर निगम को बधाई। मुख्यमंत्री मंगलवार को दुबग्गा स्थित जॉगर्स पार्क के निकट आयोजित स्थानीय निकाय प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लखनऊ स्मार्ट सिटी के रूप में बदल रहा है। शहर के बाहरी हिस्से में बन रही आउटर रिंग रोड राजधानी को जाम मुक्त करने का काम करेगी। जल्द ही एक इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भी शहर को मिलेगा। यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ ब्रह्मोस मिसाइल बनाने का कारखाना भी शुरू होने जा रहा है। ग्रीन कॉरिडोर का काम भी जल्द आगे बढ़ाया जाएगा। कई अन्य प्रस्तावित योजनाओं की शुरुआत भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के परामर्श से बड़ा कार्यक्रम आयोजित करके की जाएगी। लखनऊ को उसका पुराना गौरव वापस दिलाएंगे। नगर निकाय चुनाव होने जा रहे हैं उसके बाद 10 से 12 फरवरी के बीच ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट यहीं आयोजित होगी। कि वह इस शहर को संवारने में अपना योगदान दें ताकि इन्वेस्टर समिट के दौरान लखनऊ की एक नई तस्वीर पेश हो सके। उन्होंने कहा कि लखनऊ ही नहीं प्रदेश के कई शहरों में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम यानी आईटीएमएस का उपयोग कोविड प्रबंधन में किया गया था। अब इसका उपयोग सेफ सिटी व यातायात प्रबंधन में किया जा रहा है। नोएडा समेत प्रदेश के 17 नगर निगम आईटीएमएस से जुड़ रहे हैं। अब कोई छेड़खानी करके भाग नहीं सकता। कैमरों के रूप में लगे त्रिनेत्र उसे पकड़ लेंगे। एक चौराहे से यदि वह निकल भी गया तो पुलिस अगले चौराहे पर उसे पकड़ लेगी। इसके अलावा प्रदेश में स्मार्ट सड़कें बन रही है। हर घर नल योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है।



# विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता जीतने पर पुलिस विभाग का किया गया भव्य स्वागत

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता जीपीएम का विजेता बनने पर पुलिस विभाग को नगर पंचायत पेण्ड्रा के अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों ने दुर्गा चौक बस स्टैंड पेण्ड्रा में आतिशबाजी के साथ फूल माला पहना व लड्डू खिलाकर किया भव्य स्वागत इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश जालान ब्लॉक अध्यक्ष श्री प्रशांत श्रीवास पार्षद श्री इक़बाल सिंह ने पुलिस विभाग के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ डीजे की धुन पर खूब ठुमके लगाये। स्वागत समारोह में श्री पवन सुल्तानिया श्री जयदत्त तिवारी श्री मदन सोनी रईस खान पारस चौधरी शशांक शर्मा दानिश खान सैफ खान पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अखिलेश यादव बोले- भाजपा सत्ता में और रही तो वोट डालने का अधिकार भी छीन लेगी



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा यदि सत्ता में और रही तो वोट डालने का भी अधिकार छीन लेगी। कहा कि जहां-जहां भाजपा के मेयर व चेयरमैन हैं, वहां गंदगी देखने को मिलती है। डेंगू भी वहीं फैला है। कन्नौज जिले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के चुनाव पार्टी सिंबल से लड़ाएगी। साइकिल चिह्न से प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रामपुर व मैनपुरी में हुए उपचुनाव पर कहा कि पुलिस-प्रशासन ने मतदाताओं को निकलने ही नहीं दिया। भाजपा यदि सत्ता में और रही तो वोट डालने का भी अधिकार छीन लेगी। शहर में युवा सपा नेता राजेश पाल के पिता के निधन के बाद शोक संवेदना जताने मंगलवार को पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि वह पूर्व माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री विजय बहादुर पाल के निधन पर शोक संवेदना के लिए आए थे। कन्नौज में जब भी कोई कार्यक्रम होता है, वह आते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने जो एक वोट का अधिकार दिया था, अगर भारतीय जनता पार्टी रही तो वह भी छीन लेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जो संविधान डॉ. आंबेडकर ने दिया और सिद्धांत राममनोहर लोहिया ने दिया, सभी लोग एक होकर भाजपा को हटाने में लग जाएं। भाजपा धोखा, साजिश, फरेब, झूठ बोलती है। जिस तरह रामपुर के उपचुनाव में देखा गया लोगों को वोट डालने के लिए घर से नहीं निकलने दिया गया। लोकतंत्र में चुनाव आयोग का काम अधिक से अधिक वोट प्रतिशत पर होता है लेकिन सुनवाई नहीं की। प्रत्याशियों पर जल्द मांगे प्रस्ताव- सपा मुखिया ने कहा कि अभी तक आरक्षण नहीं आया था लेकिन चेयरमैन पद का आरक्षण आ गया है। जिलों में कमेटियां व इकाइयां बनीं हैं। सपा से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के प्रस्ताव आदि जल्द भेजने को कहा। जहां भाजपा के मेयर, वहां फैला डेंगू- पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर तंज भी कसा। बोले, जहां-जहां भाजपा के मेयर व चेयरमैन हैं, वहां गंदगी देखने को मिलती है। डेंगू भी वहीं फैला है। निकाय चुनाव के लिए सपा पूरी तरह से तैयार है। चुनाव में अच्छा प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि कन्नौज में भी गंगाजी में नालों का पानी जाता है। सीवरेज सिस्टम सही नहीं है।